*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No. 0100371

# 14 (H)

**(JULY, 2018)**
**(New Course)**

| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ OMR શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| --- |
| **01** |

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**
**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में **Part - A** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **50** प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या **1** से **50** है । हरेक प्रश्न का गुण **1** है ।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना ।

4) आपको अलग से दिए गये O.M.R पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहीनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को O.M.R शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

---

1) रैदास प्रभुजी की भक्ति क्या बनकर करना चाहते हैं?

(A) दीपक

(B) स्वामी

(C) दास

(D) मोती

2) कलधौत के धाम का अर्थ होता है________

(A) काली यमुना नदी

(B) सोने का राजमहल

(C) चाँदी का राजमहल

(D) कृष्ण का राजमहल

3) मीराबाई का विवाह किसके साथ हुआ था?

(A) राव रतनसिंह राठौर

(B) दुदाराव

(C) राणासांगा

(D) भोजराज

4) जननी जन्मभूमि ..........से महान है?

(A) स्वर्ग

(B) नर्क

(C) पृथ्वी

(D) आकाश

5) खरहा झुरमुट में कुत्ते को न मिला, क्योंकि-------

(A) कुत्ता तेजी से दौड़ न सका।

(B) उसकी उम्र अभी लंबी थी।

(C) झाड़ियों में अंधेरा था।

(D) झाडियाँ कंटीली थी।

6) 'भारतवर्ष हमारा है' काव्य के आधार पर हिन्दुस्तान के प्रति जनता का अभिमान कब से है?

(A) स्वतंत्रता के पहेले से

(B) युगों से

(C) अनादि – आदि से

(D) सदियों से

7) आजकल के साधु के सामने कोई तर्क करने आये तो वे क्या युक्ति करेंगे?

(A) अपने को ही ज़ानी सिद्ध करेंगे

(B) अपनी पोल खुल न जाए इसके लिए मौन रहेंगे

(C) डर के मारे वाद– विवाद ही नहीं करेंगे

(D) अपनी झोंपडी में प्रवेश ही नहीं करने देंगे

8) रांगेय राघव कवि ने किस काव्य की रचना की है?

(A) 'जन्मभूमि'

(B) 'भारतवर्ष हमारा हैं'

(C) 'एक नई शुरूआत'

(D) 'हे जनशक्ति महान'

9) कश्मीर मे .........की प्रेम–गाथाएँ गाई जाती है?

(A) लैला

(B) विल्हण

(C) फरहाद

(D) मजनु

10) तोते ने क्या वरदान माँगा?

(A) इस वन में कोई भी शिकारी न आए

(B) पेड़ के सुखने के साथ मेरे जीवन का भी अंत हो जाए

(C) मेरे बिछडे हुए साथी फिर से आजाए

(D) यह सुखा पेड़ फिर से हरा भरा हो जाए

11) एक ही नारी के दो बालक पहेली में किस की बात कही गई है?

(A) चक्की के पाट

(B) रेल की पटरी

(C) दो बालक

(D) नारी और बालक

12) राम भजन बिना कौन नहीं सोता ?

(A) कोयल

(B) भक्त

(C) तोता

(D) मोर

13) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ने ' भूख' काव्य में सौंदर्य को किसके साथ जोड़ दिया है?

(A) संघर्षशीलता

(B) भूख

(C) मानवता

(D) सुख

14) प्रकृति के सुकुमार कवि के रूप में कौन जाना जाता है?

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) बालकृष्ण शर्मा

(C) काका हाथरसी

(D) सुमित्रानंदन पंत

15) आठ सिद्धि और नव निधि का सुख प्राप्त होता है--------

(A) कदंब के वृक्ष पर बसने से।

(B) नंद की धेनु चराने में।

(C) यमुना किनारे स्नान करने में।

(D) मुरली बजाने में।

16) बूढ़ी काकी कैसे रोती थी?

(A) गला फाड़ – फाड़ कर

(B) रूपा के पास जाकर

(C) मन ही मन

(D) चुपके से

17) वृद्ध ईसाई पादरी ने क्या कहा था?

(A) तुम ईमानदार नहीं हो।

(B) तुम देश प्रेमी नहीं हो।

(C) तुम लोग अपने काम में गर्व नहीं लेते।

(D) तुम बड़े आलसी हो।

18) कालिदास को राज्यसभा का प्रत्येक व्यक्ति किस रूप में जानता था?

(A) राजपुरूष के रूप में।

(B) ऋतुसंहार के कवि के रूप में।

(C) दन्तुल के शत्रु के रूप में।

(D) हिरण – शावक के रक्षक के रूप में।

19) किस कंपनी के विज्ञापन में लिखा था कि महिला उम्मीदवार आवेदन न करें?

(A) टेल्को

(B) इन्फोसिस

(C) वीडियोकोन

(D) सेमसंग

20) मनुष्य जीवन को किस काम में लाया जाना चाहिए?

(A) जीवन को समझने।

(B) सरल काम करने।

(C) विकट काम करने।

(D) हँसी – खुशी में बिताने।

21) मानव प्रक्षेपण यंत्र कितने भागों में विभक्त था?

(A) चार

(B) दस

(C) दो

(D) पाँच

22) रामप्रसाद बिस्मिल के गुरू कौन थे?

(A) श्री सोमदेव

(B) श्री रामदेव

(C) श्री रामसिंह

(D) श्री गुरू गोविन्द सिंह

23) 'झूठ बोला तो क्या, आखिर बालक ही तो है।' यह वाक्य कौन बोलता है।

(A) कुंदन

(B) नंदन

(C) पड़ोसी

(D) मालती

24) 'रचना' एकांकी में गोपी कविता को क्या समझती है?

(A) आत्मा का परमात्मा से मिलन

(B) आत्मा की कला

(C) कवि की कल्पना

(D) आत्मा का खुराक

25) पंडित शादीराम का अलबम कौन खरीदता है?

(A) माधवन

(B) जगराम

(C) लाला सदानंद

(D) पंडित बुद्धिराम

26) वास्तव में मनुष्य किस का विरोधी हैं?

(A) धनका

(B) दूसरों का

(C) स्वयं का

(D) मानवता का

27) 'जीने की कला' का साहित्य प्रकार बताइए?

(A) कहानी

(B) निबंध

(C) रेखाचित्र

(D) आत्मकथा

28) 'रजनीश' किस साहित्यकार का उपनाम है?

(A) बालकृष्ण शर्मा

(B) मौलाना अब्दुल कलाम

(C) रामधारी सिंह

(D) जाकिर अली

29) अपने हिस्से की पूड़ियाँ काकी के लिए बचाकर किसने रखी थी?

(A) बुद्धिराम

(B) लाड़ली

(C) श्यामा

(D) रूपा

30) कौन – सी कहानी में मानव मूल्यों का जतन करने की प्रेरणा दी गई है?

(A) बूढ़ी काकी

(B) एक नई शुरूआत

(C) चोरी

(D) अलबम

31) पर्यायवाची शब्द की सही जोड़ बताइए।

(A) मेहमान – अतिथि

(B) पूड़ी – कचोड़ी

(C) आँगन – छत

(D) मंडली – कुंडली

32) 'जलधि' शब्द का गलत पर्यायवाची शब्द बताइए।

(A) सागर (B) समुद्र

(C) जलद (D) उदधि

33) निम्नलिखित संधि में कौन सी संधि गलत है।

(A) प्रात:काल = प्रात: + काल

(B) सदैव = सदा + एव

(C) रमेश = रमा + ईश

(D) निराधार = निरा + धार

34) 'अपना' शब्द का विलोम शब्द बताइए।

(A) पराया (B) समाया

(C) किराया (D) सुराया

35) 'नम्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए।

(A) नम्री

(B) नरमाई

(C) नम्रता

(D) नरमी

36) 'प्रतिदिन' रेखांकित शब्द – समास का प्रकार बताइए।

(A) कर्मधारय समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) द्विगु समास

37) 'सज्जन' शब्द का उचित संधि विग्रह कीजिए।

(A) सत + जन

(B) स + जन

(C) सज्ज + न

(D) सत् + जन

38) विलोम शब्द की सही जोड़ बताईए।

(A) महिला – नारी (B) ठीक – सही

(C) कार्य – अकार्य (D) बालक – बच्चा

39) 'जहाँ मनुष्य न हो' शब्द समुह के लिए एक उचित शब्द दीजिए।

(A) निर्जन (B) सज्जन

(C) दुर्जन (D) स्वजन

40) 'मुरली धारण करनेवाला' शब्द समुह के लिए एक उचित शब्द दीजिए।

(A) मुरलीधरा (B) मुरलीधर

(C) मुरलीधारण (D) मुरलीधारणा

41) हक्का – बक्का रह जाना मुहावरें का सही अर्थ ................

(A) अपने को ठगा हुआ मानना। (B) भूख – प्यास भूल जाना।

(C) बक – बक करते रहना। (D) आश्चर्य चकित हो जाना।

42) निम्न में से कौन से मुहावरे का अर्थ 'जीना हराम कर देना' है।

(A) मुह न खोलना

(B) जबान में हड्डी न होना

(C) नाक में दम करना

(D) धुआँ – पुआँ हो जाना

43) कर्तृवाचक की सही जोड़ बताइए।

(A) नीति – नीतिज्ञ (B) लेख – लेखा

(C) चित्र – चित्रवान (D) कला – कलावान

44) 'लिखना' शब्द की कर्तृवाचक संज्ञा बताइए।

(A) लिखान (B) लिखावट

(C) लेखन (D) लेखक

45) 'उस नारी ने अपना नारीत्व नहीं छोड़ा' वाक्य में भाववाचक संज्ञा बताइए।

(A) नारी (B) नारीत्व

(C) अपना (D) छोड़ा

46) 'दिन दूनी रात चौगुनी' कहावत का सही अर्थ..........

(A) सच्चा न्याय करना। (B) कार्य के आरंभ में ही विघ्न आना।

(C) तेजी से उन्नति करना। (D) बिलकुल अनपढ़ होना।

47) 'बुरे लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करने से वे नही मानते'– किस कहावत का सही अर्थ है?

(A) नौ नगद, न तेरह उधार

(B) मन के हारे हार मन के जीते जीत

(C) तू डार–डार मैं पात – पात

(D) लातो के देव बातो से नहीं मानते

48) 'दिन' शब्द का विशेषण होगा।

(A) दिवस

(B) दैनिक

(C) दिनकर

(D) दिवाकर

49) निम्न में से विशेषण की सही जोड़ चुनिए।

(A) क्षण – क्षणी

(B) शरीर – शारीरिक

(C) वास्तव – वास्तविक

(D) आनंद – आनंदाय

50) 'रूचि – अरूचि' समास का भेद बताइए।

(A) कर्मधारय समास

(B) तत्पुरूष समास

(C) अव्ययीभाव समास

(D) द्वन्द्व समास

# 14 (H)

(JULY, 2018)

(New Course)

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

सूचनाएँ :

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल **1** से **18** प्रश्न है।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आंतरिक विकल्प दिये गये है।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

### विभाग- A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए :** **[4]**

1) मीरा के 'राम–रतन धन' की विशेषताएँ बताइए?

2) सुमित्रानंदन पंत ने धरती के गुणगान कैसे गाये है?

अथवा

साधु का दिखावा किस तरह का होता है?

■ **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए:** **[3]**

3) संत रैदास अपनी भक्ति किस प्रकार समर्पित करना चाहते है?

अथवा

' हे जनशक्ति महान' गीत में कवि ने क्या संदेश दिया हैं?

■ निम्नलिखित आशय स्पष्ट कीजिए: [3]

4) पै मुरली मुरलीधर की, अधरान – धरी अधरा न धरौंगी।

अथवा

आज नये युग के नयनों से ज्वलित अग्नि के पुंज भरे।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए: [4]

5) दन्तुल घायल हिरण – शावक तक कैसे पहुँचा?

6) बिन्दु ने अपनी चोरी का पश्चाताप किस प्रकार किया?

अथवा

बूढ़ी काकी का अपमान किसने और कब किया?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए: [3]

7) रामप्रसाद बिस्मिल का चरित्र– चित्रण कीजिए।

अथवा

रचना एकांकी से आज के नवयुवकों को क्या संदेश मिलता है?

■ निम्नलिखित आशय स्पष्ट कीजिए: [3]

8) बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है।

अथवा

खुश रहना केवल एक जरूरत नहीं है, यह एक नैतिक उत्तरदायित्व भी है।

## विभाग - B

■ **निम्नानुसार पत्र लिखिए:** [5]

9) अपने मित्रों के साथ कश्मीर की सैर के लिए गया हुआ चिरागकुमार पटेल वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन करते हुए 1–रामनगर सोसायटी, गुरूकुल रोड, विरमगाम से अपने पिता के नाम पत्र लिखता हैं ।

10) ई – मेल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [3]

■ **निम्नलिखित विचार – विस्तार स्पष्ट कीजिए:** [3]

11) 'जब भी
भूख से लड़ने
कोई खड़ा हो जाता है।
सुन्दर दीखने लगता है।'

अथवा

'तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।'

## विभाग - C

■ **परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** [4]

स्त्रियों की शिक्षा का स्वरूप पुरूषों की शिक्षा के स्वरूप से अलग रहना चाहिए। कताई, बुनाई, सिलाई, कटाई आदि की शिक्षा तो उन्हें दी ही जाए, किंतु इसी के साथ उन्हें कुटीर उद्योगो में भी निपुण बनाया जाना चाहिए, जिससे कि बुरा समय आने पर वे किसी की मोहताज न रहें। स्त्रियों को शिक्षित करने से हमारा घर स्वर्ग बन सकता है। नासमझ और फूहड़ औरतों से परिवार के परिवार तबाह हो जाते हैं। जिस घर की स्त्रियाँ सुशिक्षित और सुसंस्कृत होती हैं, वे घर जिंदा विश्वविद्यालय होते हैं। शिक्षा का अर्थ किताबी ज्ञान ही नहीं है और न ही अक्षरज्ञान है, वह तो जीने की कला है।

12) स्त्रियों को किस प्रकार की शिक्षा देनी चाहिए?

13) हमारा घर स्वर्ग कब बन सकता हैं?

14) जिंदा विश्वविद्यालय किसे कहा है?

15) इस परिच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए।

■ निम्नलिखित अहवाल लिखिए: [3]

16) अपनी पाठशाला में 'योग–दिन' मनाया गया। उसके बारे में करीब तीस शब्दो में अपनी भाषा में अहवाल लिखिए।

## विभाग - D

■ रूप रेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए: [5]

17) एक सुहावना वन – इन्द्र का आगमन – वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर भगवान खुश, लेकिन आश्चर्य – एक सुखे वृक्ष पर एक दुःखी तोता– प्रश्न, 'हरे–भरे वृक्षों को छोड़कर इसी वृक्ष पर क्यों?'– उत्तर, ' यह वृक्ष पहले हरा – भरा और फलफूलों से सम्पन्न था – 'अब बुरे दिनों में साथ कैसे छोडूँ?' भगवान का वरदान – सीख।

■ निम्नलिखित विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए:

18) मेरा भारत महान [7]

परिचय – संस्कृति – लोग, आर्थिक स्थिति, महता, सुवर्णभूमि – भव्य इतिहास – स्वाधीनता और उज्जवल भविष्य।

अथवा

नदी का रौद्र रूप

बाढ़ का कारण – बाढ़ आने पर – बाढ़ के समय – बाढ़ का पानी उतर जाने के बाद – हमारा कर्तव्य।

अथवा

यदि मैं सैनिक होता........

कल्पना का उद्‌भव – सैनिक होना एक सौभाग्य – देशभक्त वीरों के पथ का पथिक – जवान के रूप में कर्तव्य परायणता – एक आदर्श सैनिक तथा युवकों को प्रेरणा – जीवन की सार्थकता का अवसर।

OOO